नववर्ष की सीख : सदा सम रहें... अच्छा सोचें, अच्छा करें, जीवन में नवोत्कर्ष लाएं...

2023 की रात ढली

# दिव्य आकाश

2024 की नई छटा का आगाज...



कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-14, अंक-38 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 29 दिसंबर 2023 से 06 जनवरी 2024 | पृष्ठ-6, मूल्य- ₹3.00




## पाली ( कोरबा ) का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन केन्द्र चैतुरगढ़




ड्रोन से लिया गया अद्भूत नजारा

### जंगली जानवरों की आहट, पक्षियों के कलरव पहाड़ के ऊपर लबाबल जलाशय और सौंदर्य खिंच रहा पर्यटकों को

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले के धार्मिक पर्यटन स्थल चैतुरगढ में इन दिनों पर्यटक और भक्तों की भीड़ जुट रही है,जो इस शीत ऋतु की ठंड की खुशनुमा मौसम का आनंद उठाने पहुंच रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के हिल स्टेशन के रूप में चैतुरगढ़ अपने एकाधिक गुणों के कारण मशहूर है.यहां ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्व वाला हजार साल पुराना चैतुरगढ़ का किला स्थित है, वहीं प्रकृति की सुरम्य वादी के बीच में मां महिषासुर मर्दिनी का मन्दिर जिसमें माता की अष्टभुजी प्रतिमा स्थापित है। साथ ही इतनी ऊंचाई पर जल से लबालब ग़रग़ज़ सरोवर का होना आश्चर्य से भर देता है। गुफा के भीतर भगवान महादेव का दरबार शंकर खोला, प्रकृति के दर्शन के लिए वाचिंग टावर, किले के चार दरवाजे आदि खूबियों के कारण यह स्थल पर्यटकों, धार्मिक आस्था रखने वाले माता के भक्तों, इतिहासकारो और प्रकृति प्रेमियों को लगातार अपनी ओर आकर्षित करता है। वैसे साल में दो बार चैत्र और कुँवार नवरात्र पर्व पर नवरात्र महोत्सव मनाया जाता है, जिसमें माता के भक्त बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान युग में भाग दौड़ की जिंदगी से दूर हटकर लोग सुकून की तलाश करते हैं, ऐसे में चैतुरगढ़ सस्ता, सुंदर, सुलभ होने वाला खूबसूरत स्थल है, जिसकी सुंदरता शीत ऋतु की इस खुशनुमा मौसम में और बढ़ जाती है। नदी पहाड़ झरनों के बीच सरई-साल के विशाल वृक्ष से आल्हादित हरी भरी वादियां, पशु-पक्षियों का कलरव और विभिन्न प्रकार के जीव जंतु आसानी से देखे जा सकते हैं। यही कारण है कि इन दोनों जिले ही नहीं वरन प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में चैतुरगढ़ पहुंच रहे हैं। शनिवार -रविवार के अलावा अन्य छुट्टी के दिनों में संख्या कई गुनी बढ़ जाती है। शीतकालीन अवकाश चल रहा है और नववर्ष का आगमन होने वाला है जिससे शैक्षणिक टूर भी बढ़ रहे हैं। कोरबा जिला मुख्यालय से 77 किमी एवं ब्लॉक मुख्यालय पाली से चैतुरगढ़ 32 किलोमीटर की सड़क पूर्ण डामरीकृत हो चुका है। जिससे महज पौन घंटे से 1 घंटे के बीच में पहुंचा जा सकता है। सड़क की बेहतर सुविधा होने के कारण भी लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन संख्या बढ़ने के साथ-साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होना चाहिए। इसके लिए ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से छुट्टी के दिनों में विशेष रूप से पुलिस की तैनाती की मांग भी की है।



पहाड़ के ऊपर तालाब में सुबह-सुबह जब सूर्य की किरण पड़ती है तो कोहरे के रुप में ऊपर उठता नजारा ऐसा लगता है कि यह तालाब प्रेम परिणय के लिए आसमान में विराज प्रेमी को स्पर्श करने ऊपर उठ रहा है। यह दृष्य मन को रोमांचित करता है और यह रहस्य जानने को आतुर रहता है कि सैकड़ों फीट ऊपर पहाड़ में यह तालाब बारहों महीना लबाबल कैसे रहता है, जब पूरी दुनिया में पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है।






### चैतुरगढ़ में 11 सौ दीपों के साथ पूजा अर्चना के साथ होगा नववर्ष का अभिनंदन...


आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर परिसर में नववर्ष 2024 के प्रथम दिन 1 जनवरी दिन सोमवार को विशेष पूजा अर्चना, हवन, भंडारा प्रसाद और शाम को 1100 दीप प्रज्वलित करने का कार्यक्रम भी रखा गया है. धार्मिक जनकल्याण ट्रस्ट (न्यास समिति) चैतुरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिंह ने उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

आसमान छूता चैतुरगढ़ का पहाड़












# छत्तीसगढ़ में 14 आईएएस अफसरों का प्रमोशन

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ सरकार ने 14 आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन किया है। नई सरकार में पहला पदोन्नति आदेश रविवार शाम जारी किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इसकी जानकारी दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। इसके अलावा अफसरों के वेतन मैक्ट्रिक्स में बढ़ोतरी की गई है। आईएएस मनोज पिंगुआ, ऋचा शर्मा, निधी छिब्बर, विकासशील जैसे अधिकारियों के नाम शामिल है। इन चारों आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति छानबीन समिति की 26 दिसंबर को हुए बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर की गई है। इनके अलावा राजेश सिंह राणा, श्रीमती शिखा राजपूत, सत्यनारायण राठौर, महादेव कावरे, नरेन्द्र कुमार दुग्गा, श्यामलाल धावड़े, श्रीमती शारदा वर्मा, नीरज कुमार बंसोड़ भी शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ में नए साल से फिर बरसेंगे बादल:सरगुजा में बारिश की संभावना
## रायपुर में बदला मौसम, अंबिकापुर में सबसे कम 9.4 डिग्री पारा

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ में नए साल की शुरुआत बारिश के साथ हो सकती है। 1 और 2 जनवरी को सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में पानी बरसने की संभावना है। वहीं बस्तर में भी 3 जनवरी को बरसात हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, ऐसा पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते होगा।

रविवार सुबह से ही रायपुर समेत आस-पास के जिलों में बादल छाए हुए हैं। हालांकि पूर्व से आने वाली हवाओं में नमी ज्यादा होने के कारण अगले 2-3 दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। वहीं रायपुर और आसपास के इलाकों में सुबह धुंध और हल्का कोहरा छाया रहा।

प्रदेश में शनिवार को अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि सबसे अधिक तापमान डोंगरगढ़ में 28.9 डिग्री दर्ज हुआ। रायपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम 17 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहेगा।

**इन जिलों में हो सकती है बारिश**

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, 1 और 2 जनवरी को सरगुजा , कोरिया, सूरजपुर , बलरामपुर और पेन्ड्रा, कोरबा जिले में बारिश होने के आसार है।

**मौसम का पूर्वानुमान**

मौसम वैज्ञानिक एच पी चंद्रा ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान में 62 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में 3.1किमी ऊंचाई पर स्थित है। इसका अक्ष मध्य क्षोभ मंडल तक है। इसके प्रभाव से एक प्रेरित ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवर्ती परिसंचरण पश्चिमी राजस्थान के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

प्रदेश में पूर्व से अपेक्षाकृत गर्म और नमी युक्त हवा के आगमन हो रही है। इससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में हल्के बादल रह सकते हैं।

## बिलासपुर में नालंदा परिसर बनाने की उठी मांग



**बिलासपुर, एजेंसी।**

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बिलासपुर में भी नालंदा परिसर खोलने की मांग उठाई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने रविवार को कांग्रेस भवन में कहा कि हम लोग गांधीवादी विचारधारा के हैं और मुहब्बत की दुकान चलाने वाले लोग हैं, लेकिन सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी तो आंदोलन का भी रास्ता अपना सकते हैं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष केशरवानी ने कहा कि बिलासपुर भी रायपुर के बराबर सुविधाओं का हकदार है। उसे यह अधिकार मिलना ही चाहिए। बिलासपुर भी पीएससी, यूपीएससी , नीट, जेई, पीएटी , सीएटी , सिविल जज, व्यापमं समेत अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

**60 हजार युवाओं के हक की मांग**

बिलासपुर में छत्तीसगढ़ समेत पड़ोस के राज्यों से आए करीब 60 हजार से अधिक युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। जबकि रायपुर में पहले से ही नालंदा परिसर खोलने की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में नालंदा परिसर की जरूरत बिलासपुर में रह रहे युवाओं की है।

**सबसे ज्यादा युवा बिलासपुर में**

केशरवानी ने दावा किया कि युवा मतदाताओं की संख्या जिले में 3 लाख से ज्यादा है। इनमें 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या लगभग 18 हजार से अधिक है। 20 से 29 साल के युवा मतदाताओं की संख्या 2.95 लाख के आस पास है। क्षेत्रफल और जनसंख्या के लिहाज से रायपुर की तुलना में बिलासपुर में युवा कम नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले स्टूडेंट के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी में मात्र 250 सीटें हैं। जबकि 2000 छात्र वेटिंग में हैं। यहां 1500 छात्र प्रतिदिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं। इसलिए युवाओं के व्यापक हित में लाइब्रेरी का विस्तार और सीटों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

**बिलासपुर में सिर्फ 3 संस्थान**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि बिलासपुर एजुकेशन हब है। यहां सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अटल यूनिवर्सिटी और पं सुंदरलाल शर्मा (ओपन) यूनिवर्सिटी है। वहीं रायपुर में एनआईटी, आईआईएम के साथ छह स्टेट यूनिवर्सिटी हैं। इसके अतिरिक्त एम्स और नेशनल हिदायतुल्लाह नेशनल यूनिवर्सिटी है। जबकि बिलासपुर में हाईकोर्ट है। दूसरी तरफ दुर्ग में आईआईटी, विवेकानंद टेक्निकल युनिवर्सिटी सहित 4 संस्थान हैं।

**अपनी और कांग्रेस की हार के कारणों से बचे**

केशरवानी से कई राजनीतिक सवाल किए गए पर उन्होंने उसे टाल दिया। उनसे पूछा गया कि बेलतरा सहित जिले की चार सीटों में कांग्रेस की हार की प्रमुख क्या वजहें थीं। वह चुप पड़ गए।

# भिलाई के संडे मार्केट में बुलडोजर वाली कार्रवाई
## सड़क पर अवैध कब्जे को हटाया, पिछले हफ्ते ही विधायक ने लगाई थी फटकार

**भिलाई, एजेंसी।**



दुर्ग जिले के सुपेला संडे मार्केट में रविवार को बुलडोजर वाली कार्रवाई की गई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के निर्देश के बाद निगम के साथ पुलिस विभाग का अमला सुपेला से गदा चौक के बीच लगने वाले संडे बाजार में पहुंचा। जिन दुकानदारों ने सड़क की सीमा तक दुकान का कब्जा और निर्माण किया था, उस पर बुलडोजर चला दिया गया।

निगम के अधिकारियों ने दुकान संचालकों को निर्देश दिया है कि जो भी दुकानदार अवैध कब्जा करेगा उसका गुमाश्ता लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। पिछले रविवार को ही खुद विधायक ने मार्केट का जायजा लिया था और अवैध अतिक्रमण करने वालों को फटकार लगाई थी। विधायक ने कहा था कि यहां एक दुकान भी सड़क और उसकी पटरी की सीमा तक नहीं लगनी चाहिए।

**2 दिन पहले ही की गई थी मार्किंग**

निगम की टीम ने 2 दिन पहले सुपेला से लेकर गदा चौक तक सड़क की पटरी की सीमा को नाप कर चूना मार्किंग की थी। इस सीमा के आगे दुकान या सामान लगाने की मनाही थी। इसके बाद निगमकर्मी संडे तड़के पुलिस टीम के साथ पहुंचे। निगम अधिकारियों ने उन सभी अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाया, जो पटरी की सीमा के आगे थे। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने बहस भी की जिसके बाद पुलिस ने दुकानवालों को समझाइश दी।

**अवैध कब्जा कर दुकान चलाने वालों को जारी हुआ था नोटिस**

बीते सप्ताह निगम प्रशासन ने अवैध कब्जा कर दुकान चला रहे व्यापारियों को नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही खुद विधायक रिकेश सेन ने भी सभी व्यापारियों को अवैध कब्जा मुक्त करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद स्थिति जस की तस थी। अंत में निगम प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा और अवैध कब्जा कर दुकान चला रहे व्यापारियों से कब्जा मुक्त कराया गया।

**संडे मार्केट के लिए नई जगह तलाश रहा निगम**

संडे मार्केट सुपेला जल्द ही दूसरी जगह पर शिफ्ट होगा। इसे हटाने की तैयारी? भिलाई निगम ने कर ली है, नई जगह की तलाश भी शुरू कर दी गई है। ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण निगम ने इसका प्लान तैयार किया है। 5 से अधिक बार कार्रवाई करने के बाद भी यहां की स्थिति जस की तस बनी हुई है। निगम अधिकारियों ने बताया कि संजय नगर तालाब के पास बड़ा खाली मैदान है। वहां कोरोना के समय सब्जी बाजार लगता था। इसके अलावा दक्षिण गंगोत्री में भी बड़ा मैदान है वहां भी इसे शिफ्ट किया जा सकता है।

## सबसे पहले न्यूजीलैंड में नए साल का स्वागत



**वेलिंगटन, एजेंसी।**

दुनिया में नए साल का आगाज हो गया। न्यूजीलैंड में सबसे पहले साल 2024 का स्वागत हुआ और खुशी मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग आधी रात को अपने घरों से बाहर निकल आए और नए साल का जश्न मनाया। बड़ी संख्या में लोग रेस्टोरेंट्स, पबों, डिस्को, सार्वजनिक स्थानों पार्टियां कर जश्न मना रहे हैं। दुनिया में सबसे पहले नया साल प्रशांत महासागर के ऑस्ट्रेलिया के स्वामित्व वाले टोंगा नामक आइलैंड में आता है।

## अजय केशरवानी बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष



**जांजगीर ( दिव्य आकाश )।**

जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव गुरुवार को हुआ। अध्यक्ष पद पर अजय केशरवानी ने जीत हासिल की। मतदान के लिए पंजीकृत 456 में से 403 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। अजय केशरवानी को सर्वाधिक 232 वोट मिले। उनके निकटतम विरोधी अधिवक्ता सुरेश खूंटे को 117 वोट मिले, जबकि संतोष दुबे 51 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। 3 मत रिजेक्ट हुए। इस तरह अजय केशरवानी ने सुरेश खूंटे को 115 मतों के अंतर से पराजित किया। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता उमेश राठौर ने चुनाव जीतने पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय केशरवानी को जीत का प्रमाण पत्र दिया।

## निधन



**कटघोरा।**

कटघोरा पुरानी बस्ती निवासी शिक्षक डिगेश्वर गोपन्ति ( प्रधान पाठक - मोहलाइन भाटा ) का आज हृदयाघात से दुखद निधन हो गया है। श्री गोपन्ति कुशल व्यवहार के धनी थे। इनके परिवार में एक पुत्र, दो पुत्रियां सहित भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गए। 1 जनवरी 2024 सोमवार को अटल आवास के पास मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बड़े पुत्र प्रियांशु यादव सुबह 10 बजे मुखाग्नि देंगे।

### विनेश फोगाट के समर्थन में उतरे राहुल गांधी, कहा-
# हर बेटी के लिए आत्मसम्मान पहले, पदक उसके बाद में

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिला पहलवान विनेश फोगाट के समर्थन में उतर आए हैं। विनेश फोगाट द्वारा अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार कर्तव्य पथ पर छोड़े जाने को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की हर बेटी के लिए आत्मसम्मान पहले होता है पदक और सम्मान बाद में आता है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम देश के अभिभावक होते हैं और उनकी तरफ से ''ऐसी निष्ठुरता देखकर दुख होता है।

राहुल गांधी का यह बयान तब आया है जब एक दिन पहले विश्व चैम्पियनशिप में कई बार की पदक विजेता विनेश फोगाट ने अपने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिए तथा दिल्ली पुलिस द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय जाने से रोके जाने के बाद दोनों पुरस्कार कर्तव्य पथ के बीच में छोड़ दिए। विनेश ने ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के चुनाव का विरोध किया था। इन तीनों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

**आत्मसम्मान पहले, पदक बाद में**

कर्तव्य पथ पर फोगाट का एक वीडियो साझा करते हुए राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''देश की हर बेटी के लिए आत्मसम्मान पहले है, अन्य कोई भी पदक या सम्मान उसके बाद। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''आज, क्या एक 'घोषित बाहुबली से मिलने वाले 'राजनीतिक फायदे की कीमत इन बहादुर बेटियों के आंसुओं से अधिक हो गई है? प्रधानमंत्री राष्ट्र के अभिभावक होते हैं, उनकी ऐसी निष्ठुरता देख पीड़ा होती है।

फोगाट ने मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार सरकार को लौटाने का फैसला किया था तथा कहा था कि ऐसे समय में इस तरह के सम्मान बेमतलब हो गए हैं जब पहलवान न्याय पाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर अपने फैसले की घोषणा की थी।

फोगाट ने शनिवार को अपने पुरस्कार लौटाने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। विरोध स्वरूप विनेश फोगाट ने कर्तव्य पथ पर पुरस्कार छोड़ दिए और बाद में दिल्ली पुलिस ने इन्हें उठा लिया। संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई प्रमुख की नियुक्ति के तुरंत बाद साक्षी ने भी कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी थी। खेल मंत्रालय ने हालांकि संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने को लेकर डब्ल्यूएफआई के नवनिर्वाचित पैनल को निलंबित कर दिया था जबकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से खेल संस्था का कामकाज देखने के लिए एक तदर्थ समिति का गठन करने के लिए कहा था।

खेल मंत्रालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आईओए ने बुधवार को डब्ल्यूएफआई का कामकाज चलाने के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया।

# सीईओ विश्वदीप ने वनांचल ग्राम बासाखार में किए जा रहे पीव्हीटीजी सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पीव्हीटीजी बसाहटो में सर्वे किया जा रहा है साथ ही इन

बसाहटो में शिविर का आयोजन कर वंचित लोगों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, स्वास्थ्य जांच जैसे योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप द्वारा जनपद पंचायत कोरबा के वनांचल स्थित ग्राम पंचायत गेरांव के आश्रित ग्राम बासाखार पहुंचकर किए जा रहे पीव्हीटीजी सर्वे कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने सर्वे कार्य में जुटी टीम को गंभीरता से कार्य करने एवं वंचित लोगों व उनकी आवश्यकताओं की पूरी जानकारी संधारित करने के निर्देश दिए। जिससे इन बसाहटो में आयोजित होने वाले शिविर में इनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके।

सीईओ विश्वदीप ने पीव्हीटीजी वर्ग के लोगों से चर्चा कर पीएम जन मन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप द्वारा मनरेगा जॉबकार्ड धारी ग्रामीणों को नया जॉब कार्ड का भी वितरण किया गया।

## कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिलेवासियों को दी नववर्ष की बधाई

**कोरबा (दिव्य आकाश)।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों सहित जिलेवासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सभी के लिए मंगल कामना करते हुए कहा की नववर्ष 2024 सबके लिए खास हो और सभी लोगो के जीवन में सुख समृद्धि ,सद्भाव,शांति, विकास और खुशहाली आए। एक नए विचार और नए ऊर्जा के साथ सब प्रगति करें। उन्होंने कामना की नव वर्ष में जिला विकास के पथ पर अग्रसर रहे।

दुकान किराये पर देना है
कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर नया बस स्टैंड के पास होटल ब्लू डायमंड के सामने दो दुकान 13x18 डूप्लेक्स शीघ्र ही किराए पर देना है।
हमसे संपर्क करें-
गोपाल राय सोनी
मो.: 79996 32557

रोजगार का सुनहरा अवसर
कोरबा में पहली बार पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। 8वीं एवं 10वीं पास युवक/युवती पंचकर्म चिकित्सा पद्धति सीख कर रोजगार की गारंटी पाएं। प्रशिक्षण शुल्क नाम मात्र।
संपूर्ण बायोडाटा के साथ पंचकर्म प्रशिक्षण हेतु आज ही संपर्क करें-
आयुर्वेद सदन-
पंचकर्म चिकित्सालय
आर्युलाईन मल्टी स्पेशलिटि पंचकर्म हॉस्पिटल
प्लाट नं.: 310,सुदर्शन भवन (पंचकर्म सदन) मेन स्टेट बैंक के पास, प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के बगल में, टी.पी. नगर (कोरबा), मो.: 94255-47677, 83193-24280

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार दिनांक 29 दिसंबर 2023 से 06 जनवरी 2024


**सुविचार**

हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है, उसे निखारने के लिए जुनून, जज्बा और कड़ी मेहनत लगती है।



## गायों के साथ नजर आये प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, ( एजेंसी )।**

वर्ष 2023 के अंतिम दिन प्रधानमंत्री आवास से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है। जो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गायों के साथ नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी को गायों के साथ समय बिताते देखा गया है। दरअसल, सात लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास है, जहां नरेंद्र मोदी रहते हैं। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। बता दें कि गायों को सनातन संस्कृति में मां का दर्जा दिया गया है। यह गाय गिरि प्रजाति की बताई जा रही हैं।

## तहरीक-ए-हुर्रियत को आतंकी संगठन घोषित

**नई दिल्ली, ( एजेंसी )।**

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह तहरीक-ए-हुर्रियत (टीईएच)जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के चलते रविवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को जारी रखते और भारत विरोधी दुष्प्रचार करते हुए पाया गया।

**शाह ने ट्वीट कर दी जानकारी**

उन्होंने कहा कि भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हर व्यक्ति या संगठन की साजिश को 'आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने% की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति के तहत विफल कर दिया जाएगा। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर लिखा, ''तहरीक-ए-हुर्रियत, जम्मू-कश्मीर (टीईएच) को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन% घोषित किया गया है। यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है।

## आम जनता से किए हर वायदे पूरे करेंगे- मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में हुए शामिल हुए। बलौदा बाजार जिले के सेम्हराडीह में समारोह आयोजित किया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य थे। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण और राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा और विधायक व्यास कश्यप भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मोदी गारंटी घोषणा पत्र के हर वादों को पूरा करेंगे और प्रदेश को खुशहाली और तरक्की के मार्ग पर ले जाएंगे।

### दुश्मनों की अब खैर नहीं, चप्पे-चप्पे पर नौसेना की पैनी नजर

# समुद्री सुरक्षा के लिए डिस्ट्रॉयर तैनात

**नई दिल्ली, ( एजेंसी )।**

भारतीय तट पर व्यापारिक जहाजों पर हुए हालिया हमलों के बाद नौसेना ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं और क्षेत्र में रविवार को डिस्ट्रॉयर और फ्रिगेट्स वाले वर्क फोर्स को तैनात किया है।

नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि वर्क फोर्स को समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी घटना की स्थिति में व्यापारी जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए तैनात किया गया है। दरअसल, नौसेना ने यह निर्णय लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य अरब सागर में मालवाहक जहाजों पर हुए हमलों के बीच लिया है। जिन जहाजों को निशाना बनाया गया था उनमें एमवी केम प्लूटो भी शामिल था।

एमवी केम प्लूटो पर 23 दिसंबर को ड्रोन हमला हुआ था। यह मालवाहक भारतीय तटरक्षक जहाज विक्रम की सुरक्षा में मुंबई बंदरगाह पहुंचा था। इस मालवाहक में 21 भारतीय सवार थे। इससे पहले 14 दिसंबर को अरब सागर में एक अन्य जहाज एमवी रुएन का अपहरण कर लिया गया था।





**समुद्री सुरक्षा के लिए वर्क फोर्स तैनात**

बकौल नौसेना अधिकारी, भारतीय तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर एमवी रुएन पर समुद्री डकैती की घटना और पोरबंदर से लगभग 220 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में एमवी केम प्लूटो पर हुए हालिया ड्रोन हमले भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र के करीब समुद्री घटनाओं में बदलाव का संकेत दे रहे हैं। अधिकारी ने कहा- समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी घटना की स्थिति में व्यापारिक जहाजों को सहायता मुहैया कराने के लिए डिस्ट्रॉयर और फ्रिगेट वाले वर्क फोर्स को तैनात किया गया है।

**तटरक्षक बल के साथ काम कर रही नौसेना**

उन्होंने बताया कि विशेष आर्थिक क्षेत्र की निगरानी के लिए नैसेना भारतीय तटरक्षक बल के साथ निकट समन्वय में काम कर रही है। बता दें कि चप्पे-चप्पे पर समुद्र की सुरक्षा के मद्देनजर हवाई निगरानी बढ़ाई गई है। इसमें गश्ती विमान और आरपीए अहम भूमिका अदा कर रहे हैं।

## मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के खिलाड़ियों को सराहा, पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों को किया प्रोत्साहित

**नई दिल्ली, ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 108वें एपिसोड पर देश को संबोधित किया। पीएम मोदी ने एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों की भी बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 2023 में खेलों में भारत की उपलब्धि को याद किया और एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों हांग्जो में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों की प्रशंसा की।

भारतीय एथलीटों ने मौजूदा एशियाई पैरा खेलों में 111 पदक जीते। देश का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 में इंडोनेशिया में हुए आयोजन में 72 पदक था। विशेष रूप से, भारत ने चीन के हांगझू में अपने एशियाई खेलों के अभियान को 107 पदकों - 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य - के रिकॉर्ड के साथ समाप्त किया।

**पीएम मोदी ने भारत के खिलाड़ियों की प्रशंसा की**

हांग्जो खेलों में अपने उत्साहपूर्ण और ऐतिहासिक प्रदर्शन के माध्यम से, अधिक खेल उपलब्धियों के लिए रास्ता



तैयार किया है। पीएम मोदी ने एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए भारत के खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मन की बात संबोधन के दौरान कहा, इस साल हमारे खिलाड़ियों ने खेलों में भी अद्भुत प्रदर्शन किया। हमारे खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में 107 पदक और एशियाई पैरा खेलों में 111 पदक जीते। कई अन्य खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने देश का गौरव बढ़ाया।

# कोरबा प्रेस क्लब सदस्यों के प्रतिभावान बच्चों का किया गया सम्मान

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोरबा के वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. श्री विजय शर्मा की स्मृति में कोरबा प्रेस क्लब द्वारा सदस्यों के बच्चों का विजय शर्मा प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतिभावान बच्चों का कोरबा विधायक एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, हरिभूमि छत्तीसगढ़ एवं आईएनएच के संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं स्व. विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कविता शर्मा के हाथों सम्मान हुआ। प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्तिपत्र एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर प्रतिभावान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान झलक रही थी।

इस अवसर पर सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पत्रकारों के साथ उनके परिजन सहित जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रफूल्ल तिवारी, दुष्यंत शर्मा, नरेंद्र देवांगन, नरेन्द्र पाटनवार, लक्ष्मण श्रीवास, वैभव शर्मा, मुन्ना राठौर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में बालको वेदांता के कंपनी संवाद से प्रखर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रारंभ से पूर्व सभी अतिथियों एवं प्रेस क्लब की कार्यकारिणी द्वारा मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा अतिथियों का बुके एवं फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश यादव ने किया, वहीं सभी का आभार प्रदर्शन किशोर शर्मा ने किया।



### सम्मान से बच्चे प्रोत्साहित होते हैं- लखनलाल देवांगन

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित प्रतिभावान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए कोरबा विधायक एवं प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह समारोह प्रशंसनीय है और बच्चों के सम्मान से उनका उत्साह बढ़ता है और पढ़ाई के प्रति लगन और प्रगाढ़ होती है। सम्मान से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और अभिभावकों में भी उत्साहवर्धन होता है।

### बच्चों के प्रतिभा निखार के लिए सम्मान आधारस्तंभ-हिमांशु द्विवेदी

छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पत्रकार एवं छत्तीसगढ़ हरिभूमि एवं आईएनएच के संपादक हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब की बेहतर गतिविधियों के कारण इसकी पूरे प्रदेश में अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह से बच्चों की प्रतिभा और निखरती है और सम्मान पाकर शिक्षा के प्रति और रूझान बढ़ता है।

### शिक्षा से ही बच्चों का कैरियर बेहतर बनता है-प्रेमचंद पटेल

विजय शर्मा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे प्रहरी कहे जाने वाले पत्रकारों द्वारा इस तरह का आयोजन काफी प्रशंसनीय है और उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही बेहतर कैरियर का निर्माण संभव है और बच्चे सम्मान पाकर प्रोत्साहित होते हैं और बेहतर करने का और प्रयास करते हैं।



# कोरबा प्रेस क्लब द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा। कोरबा प्रेस क्लब सिर्फ पत्रकारिता ही नहीं बल्कि रचनात्मक कार्यो एवं अन्य क्रियाकलापों पर फोकस करता है। हाल ही में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। कोरबा विधायक के रूप में लखनलाल देवांगन जनता का प्रतिनिधि चुने गए। विधायक बनने के साथ-साथ लखनलाल देवांगन केबिनेट मंत्री के रूप में कोरबा का गौरव बढ़ाया और शुक्रवार की देर शाम उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फोन कर बधाई दी और कहा कि आप उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री बनाए गए हैं, आपको कोटिश- बधाई। प्रेस क्लब तिलक भवन पहुंचते ही लखनलाल देवांगन को यह सुखद समाचार प्राप्त हुआ और प्रेस क्लब के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। इसके अलावा कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रेमचंद पटेल निर्वाचित हुए। दोनों नवनिर्वाचित विधायकों का प्रेस क्लब तिलक भवन में समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया एवं पालीतानाखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम को भी कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आमंत्रित किया गया था, लेकिन वे कारण वश नहीं आ सके। इस अवसर पर हरिभूमि छत्तीसगढ़ के संपदाक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं बालको कंपनी संवाद के प्रखर सिंह एवं श्रीमती कविता शर्मा का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार किशोर शर्मा द्वारा किया गया।









### शासक को भगवान श्रीराम से प्रेरणा लेनी चाहिए-डॉ. हिमांशु द्विवेदी

सम्मान समारोह को देश के आदर्श एवं सतयुग के भगवान श्रीराम के प्रसंगों को संक्षेप में उद्धृत कर हरिभूमि के संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई है और श्री द्विवेदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा समारोह में उपस्थित केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की ओर इंगित करते हुए कहा कि शासक को भगवान श्रीराम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए और जनता की समस्या को भांप कर उनकी समस्या बताने से पहले ही निदान करने की सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता का भी फर्ज बनता है कि वो स्वयं के प्रति सोच से ऊपर उठकर दूसरे की सोचना चाहिए तभी हम समस्याओं से मुक्त हो सकेंगे। उन्होंने सेतुबांध के निर्माण के समय गिलहरी का भी प्रसंग सुनाया कि किस तरह से राष्ट्र निर्माण के लिए गिलहरी ने अपनी भूमिका निभाई। हमें भी राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए, भले ही यह भूमिका गिलहरी की तरह छोटी ही क्यों न हो, सोच बड़ी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है लेकिन देश में राम राज्य के लिए हमें लंबी यात्रा करनी है और इस यात्रा में हम सभी सहभागी बनें। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पत्रकारों का दायित्व बड़ा होता है और हमें यह सोचकर पत्रकारिता करनी चाहिए कि उनकी लेखनी से कितनों का फायदा हो रहा है। यह सोचकर पत्रकारिता तो बिल्कुल नहीं करनी चाहिए कि हमारी पत्रकारिता से हमें कितना लाभ हो रहा है। जिस दिन पत्रकारों में यह सोच आएगी तो रामराज्य की परिकल्पना का साकार होते ज्यादा दिन नहीं लगेंगे। हमें इतिहास बदलने की सोच के साथ पत्रकारिता करनी चाहिए।



# अयोध्या के राम मंदिर में 51 इंच की खड़ी प्रतिमा होगी रामलला की

### कर्नाटक के नीले पत्थर से की गई है तैयार

**अयोध्या ( एजेंसी )।**

अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का चयन रविवार को कर लिया गया। 29 दिसंबर (शुक्रवार) को हुई बैठक के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने 3 प्रतिमाओं पर अपना मत लिखित रूप से महासचिव चंपत राय को दे दिया था।

चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में रामलला की 51 इंच लंबी प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसमें रामलला 5 साल के बाल स्वरूप में होंगे। प्रतिमा में रामलला को खड़े हुए दिखाया गया है। प्रतिमा ऐसी है जो राजा का पुत्र लगे और विष्णु का अवतार लगे। गर्भगृह में रामलला कमल के फूल पर विराजमान होंगे। कमल के फूल के साथ उनकी लंबाई करीब 8 फीट होगी। अभी इस प्रतिमा की फोटो जारी नहीं की गई है।

**नीले पत्थर की प्रतिमा का चयन**

सूत्रों की मानें तो नीले पत्थर से रामलला की प्रतिमा तैयार की गई है। मूर्तिकार योगीराज की बनाई प्रतिमा का चयन किया गया है। बताया जा रहा है कि रामलला की तीन प्रतिमाओं का निर्माण 3 मूर्तिकारों गणेश भट्ट, योगीराज और सत्यनारायण पांडेय ने तीन पत्थरों से किया है।

इसमें सत्यनारायण पांडेय की प्रतिमा श्वेत संगमरमर की है। जबकि शेष दोनों प्रतिमाएं कर्नाटक के नीले पत्थर की हैं। इसमें गणेश भट्ट की प्रतिमा दक्षिण भारत की शैली में बनी थी। इस कारण अरुण योगीराज की प्रतिमा का चयन किया गया है।

**मैसूर महल के कलाकारों के परिवार से आते हैं योगीराज**

रामलला की प्रतिमा तैयार करने वाले 37 साल के अरुण योगीराज मैसूर महल के कलाकारों के परिवार से आते हैं। उन्होंने 2008 में मैसूर विश्वविद्यालय से एमबीए किया, फिर एक निजी कंपनी के लिए काम किया। इसके बाद उन्होंने प्रतिमाएं बनानी शुरू की। हालांकि प्रतिमाएं बनाने की तरफ उनका झुकाव बचपन से था। पीएम मोदी भी उनके काम की तारीफ कर चुके हैं।

## मुख्यमंत्री ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि नया वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि नया साल नई उम्मीदें लेकर आता है। छत्तीसगढ़ में नयी सरकार प्रदेशवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पित है। श्री साय ने कहा कि मुझे खुशी है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 25 दिसम्बर को जन्म दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो वर्ष के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण कर दिया गया है। हमने सरकार बनते ही गरीबों के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया।


वातरोगान्तक (Vatrogantak) Syrup

वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, स्यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श

गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।

डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)

सीएसईबी चौक · ट्रांसपोर्ट नगर चौक · स्टेडियम रोड · मुड़ापार रोड

पतंजलि · श्रीश्री · बैद्यनाथ · Dabur · ZANDU

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध

सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

Roop Kanchan · Want to lighten your skin tone

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक

शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

सुविचार

**सकारात्मक सोचें, अच्छा करें और दूसरे के लिए भी अच्छा सोच कर करें।**

सरोकार

# उम्मीदों की नई छटा...

जीवन के हर कदम पर एक चुनौती आती है तो दूसरे कदम में उम्मीदों की नई छटा भी दिखती है। नया वर्ष 2024 के लिए तैयार हो जाएं और अपने सामर्थ्य से एक ऐसा प्लेटफार्म तैयार करें जिसमें जीवन की खुशहाली और समृद्धि की रेल दौड़े। सफलता के अंधाधुंध रास्ते में पीछे मुड़कर भी देखें कि सफलता में हमारा कुछ छूट तो नहीं रहा है, क्योंकि सफल इंसान वही होता है जो सफलता में अर्थ को किनारे रखकर रिश्तों को तवज्जो दे। हम जिसके लिए संघर्ष करते हैं, उनका साथ भी जरूरी होता है क्योंकि सफलता और असफलता में खुशी और दुख का एहसास हमारे अपनों को भी होता है और परायों को इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता। पराया कौन है इस बात का भी एहसास होना चाहिए। यदि आप में सामर्थ्य है तो पूरी दुनिया को अपना बना सकते हैं और पूरी दुनिया ही आपका परिवार हो सकता है। हिन्दू शास्त्रों में लिखा भी है...वसुधैव कुटुम्बकम । नए साल में नये जोश के साथ अपना सामथ्य दिखाएं और असफलता को सफलता में परिवर्तित कर दें। यही लक्ष्य हो नए वर्ष का ...। सभी सुधि पाठकों को दिव्य आकाश परिवार की ओर से नववर्ष पर खुशहाली, समृद्धि, यश, कीर्ति की अनंत शुभकामनाएं...।

संपादक



श्रीमद् रामायण: 01 जनवरी से रात 9 बजे सोनी इंटरटेनमेंट में देखना ना भलूं

# शासक भगवान श्रीराम से लें प्रेरणा



**डॉ.हिमांशु द्विवेदी**
संपादक
हरिभूमि+आईएनएच

देश के आदर्श एवं सतयुग के भगवान श्रीराम के प्रसंगों को संक्षेप में उद्घृत कर हरिभूमि के संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कोरबा में आयोजित जनप्रतिनिधियों के एक सम्मान समारोह में शासक के गुणों और जनता के प्रति जवाबदेही को बड़े ही रोचक ढंग से बताया और कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई है और श्री द्विवेदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा समारोह में उपस्थित केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की ओर इंगित करते हुए कहा कि शासक को भगवान श्रीराम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए और जनता की समस्या को भांप कर उनकी समस्या बताने से पहले ही निदान करने की सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता का भी फर्ज बनता है कि वो स्वयं के प्रति सोच से ऊपर उठकर दूसरे की सोचें, तभी हम समस्याओं से मुक्त हो सकेंगे। उन्होंने सेतुबांध के निर्माण के समय गिलहरी का भी प्रसंग सुनाया कि किस तरह से राष्ट्र निर्माण के लिए गिलहरी ने अपनी छोटी सी भूमिका निभाकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम दर्ज करा लिया।

लंका विजय के लिए रामसेतु का निर्माण हो रहा था, नल और नील बड़े-बड़े चट्टानों को समुद्र में फेंक रहे थे, पत्थरों में राम लिखा हुआ था। यह राम की ही महिमा थी कि पत्थर तैर रहे थे। बड़े-बड़े बलवान रामसेतु निर्माण में लगे हुए थे, तभी एक गिलहरी बालू में लोटती और फिर पानी में जाकर उसे उड़ेल देती। जब तक रामसेतु का काम चलता रहा, गिलहरी भी यही क्रम दोहराते रही। राम की नजर उस गिलहरी पर पड़ी और पूछ बैठे-ये गिलहरी क्या कर रही हो और तुम इतनी सी धूल से क्या जताना चाहते हो! गिलहरी थोड़ी गुस्साई और बोली कि-हे राम! मुझे यह फर्क नहीं पड़ता कि मेरी धूल झाड़ने से सेतु बनेगा, लेकिन मेरी इस राष्ट्रभक्ति से इतिहास के पन्नों में जब रामसेतु निर्माण का इतिहास लिखा जाएगा तो लोग मेरी कहानी अवश्य पढ़ेंगे। कहने का तात्पर्य है कि हमें भी राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए, भले ही यह भूमिका गिलहरी की तरह छोटी ही क्यों न हो, सोच बड़ी होनी चाहिए। उन्होंने राजा के एक और गुण बताने के लिए एक और प्रहसन सुनाया और कहा कि जब राम वनवास काटते-काटते कटीले रास्तों से गुजरते-गुजरते चित्रकोट पहुंचे, तभी भरत सेना के साथ वहां पहुंचने वाले थे तभी वानर सेना ने राम को यह बात बतायी कि भरत सेना लेकर हमला बोलने आ रहे हैं। हे प्रभु! हमारे लिए क्या आदेश है। वानरों की बात सुनकर राम बोले - करना है तो रास्तों के कटीले पत्थरों-कंकणों को साफ कर दो। राम की आज्ञा से वानर हैरान थे, आखिर प्रभु ने ऐसा आदेश क्यों दिया? वानरों की उत्सुकता देखकर राम बोले- हे वानरों ! भरत हमला करने नहीं बल्कि असीम प्रेम के कारण मुझे अयोध्या लौटने का आग्रह करने यहां आ रहा है और जब भरत देखेगा कि मेरे प्रभु श्रीराम कटीले रास्तों पर चल रहे हैं तो वह और निराश होगा कि इतनी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं मेरे राम। इन रास्तों को साफ कर दोगे तो भरत को यह एहसास नहीं होगा। उन्होंने इस प्रहसन के माध्यम से बताया कि राजा और प्रजा किस तरह एक दूसरे के लिए न्यौछावर होने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि राजा को अपना धर्म अपनी प्रतिबद्धता के साथ निभाना चाहिए वहीं जनता को भी अपना उत्तर दायित्व निभाना चाहिए। राम से प्रेरणा लें तो जनप्रतिनिधि सालों साल तक जनता का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं और यदि चूक हुई तो जनता उतार भी सकती है। इसलिए ध्यान रहे कि जिस उम्मीद से जनता ने आपको चुना है उस पर खरा उतरने का प्रयास करें और जनता की खुशहाली और प्रदेश तथा राष्ट्र की समृद्धि के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पवित्र नगरी अयोध्या में होने जा रही है लेकिन देश में राम राज्य के लिए हमें लंबी यात्रा करनी है और इस यात्रा में हम सभी सहभागी बनें। उन्होंने पत्रकारों से भी कहा कि पत्रकारों का दायित्व बड़ा होता है और हमें यह सोचकर पत्रकारिता करनी चाहिए कि उनकी लेखनी से कितनों का फायदा हो रहा है। यह सोचकर पत्रकारिता तो बिल्कुल नहीं करनी चाहिए कि हमारी पत्रकारिता से हमें कितना लाभ हो रहा है। जिस दिन पत्रकारों में यह सोच आएगी तो रामराज्य की परिकल्पना का साकार होते ज्यादा दिन नहीं लगेंगे। हमें इतिहास बदलने की सोच के साथ पत्रकारिता करनी चाहिए। शासकों को भी एहसास दिलाना चाहिए कि आपका यह काम अच्छा है, यह काम अनुपयोगी है। सरकार का दर्पण बनें पत्रकार।

# नवोत्कर्ष...



समय का चक्र हमेशा गतिमान होता है और किसी के रोके कभी नहीं रूकता। प्रकृति का यह शास्वत नियम है कि आज कल में परिवर्तित हो जाएगा और आज एक दिन बीत जाएगा। हम समय की आस में लगे रहते हैं कि कब हमारे जीवन में नवोत्कर्ष आएगा और समय के इंतजार में समय बीत जाता है। आने वाला कल कभी नहीं आता और हम जीवन में नवोत्कर्ष लाने के लिए आज से ही विचार करें। सिर्फ आज ही हमारा होता है और कल कभी नहीं। जो सोचना है आज ही सोचे और कल का इंतजार कभी नहीं करें। क्योंकि यह इंतजार... इंतजार ही रहता है, क्योंकि कल कभी नहीं आता। नया साल 2024 के आगमन की तैयारी करें और समय का महत्व समझते हुए स्वर्णिम भविष्य के लिए कुछ ऐसा जतन करें कि हमारा और हमसे जुड़े दूसरे के जीवन में भी नवोत्कर्ष आये। जीवन की खुशहाली और समृद्धि भरा 2024 में नया करने का सोचें और इस सोच को साकार करने के लिए सामर्थ्य भी दिखाएं। सामर्थ्य से सबकुछ संभव है। भाग्य पर फैसला छोड़ना ठीक नहीं, क्योंकि कर्म से भाग्य बदलते हैं और भाग्य हमारा कर्म नहीं बदल सकता। जीवन में हमेशा सवोत्कृष्ट करने की चेष्टा होती रहनी चाहिए क्योंकि सर्वोत्कृष्ट बनने के लिए बड़ी सोच भी जरूरी है और बड़ी सोच के बाद ही बड़ा काम संभव होता है। सपना बेचना छोड़ दें और हकीकत में जीवन जीने की आदत डालें, तभी आने वाला नया वर्ष उत्साह वर्धक रहेगा।

बीते सालों में यदि आप पूर्णत: सफल नहीं हो पाएं हैं तो इसका पछतावा न करें क्योंकि असफलता का अनुभव हमें नया सीखाता है और जो भी कमजोरी या गलती रही होगी, उसे सुधारें। दूसरे की नकल करने की आदत छोड़ें और स्वयं पर विश्वास करना सीखें। जो स्वयं को समझ जाए कि वह किसी से कम नहीं और जो दूसरे कर सकते हैं उससे बेहतर करने का सामर्थ्य मुझमें है और यह राज जो समझ गया, समझो वह जीवन में नवोत्कर्ष ला सकता है। सभी के लिए अच्छा सोचें, यदि स्वयं थोड़ा कष्ट पाकर दूसरे के लिए अच्छा कर सकते हैं तो करना चाहिए। स्वयं के हित में दूसरे का नुकसान कभी नहीं होना चाहिए। दूसरे की खुशी में स्वयं की खुशी की तलाश होनी चाहिए। यह कहना बहुत कठिन है कि दुश्मन का भी भला हो और भला सोचना चाहिए। यदि आप मान लें कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं और दूसरे का अहित नहीं सोचूंगा तो यकीन मानिए आप वाकई में सर्वश्रेष्ठ हैं। कभी मन में हीन भावना पनपने न दें, क्योंकि यह सफलता का सबसे बड़ा दुश्मन है और इस दुश्मन पर काबू पा लेना ही सफलता की प्रथम सीढ़ी है। सबको साथ लेकर चलें और आगे बढ़ें। आपकी सफलता में आपके मित्र, आपका परिवार कभी न बिछड़े, इस बात का ख्याल रखें, क्योंकि आपकी सफलता में सबसे ज्यादा खुश होने वाले आपके मित्र और आपका परिवार ही होता है और दुख बांटने के लिए ये दो ही होते हैं। इसलिए परिस्थिति अनुकूल न भी हो तो परिवार और मित्र को कभी न छोड़ें। सुख में आप उनका साथ दें या न दें, लेकिन दुख में उनका सहभागी बनकर रहें, यही जीवन का फलसफा है।



**डॉ गजेन्द्र तिवारी**
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

## भारत में एक नहीं पांच बार मनाया जाता है न्यू ईयर

सर्वधर्म समभाव की भावना सिवाय भारत के, कहीं और शायद ही देखने को मिलती है। इसकी यही विशेषता इसे पूरे विश्व में सबसे अलग बनाता है। इस भावना की वजह यहां हर जाति और धर्म के रहने वाले लोग हैं, जो सभी तीज त्योहारों को मिलकर एक साथ मनाते हैं और एक दूसरे को शुभकामनाएं भी देते हैं।

अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक, हर साल एक जनवरी को न्यू ईयर मनाया जाता है, जिसकी धूम पूरे देश में देखने को मिलती है। इस दिन लोग अपने प्रियजनों को मिलकर बधाई देते हैं और गिफ्ट्स और मिठाइयां आदि देते हैं। लेकिन एक जनवरी का दिन एक लौता न्यू ईयर नहीं है, जो हमारे देश में मनाया जाता है। विविधता में एकता के सूत्र को मानने वाले इस देश में, साल में पांच बार नया साल मनाया जाता है। जी हां, यह सुनने में काफी चौंकाने वाली बात लग सकती है, लेकिन यह बिल्कुल सच है। ये नव वर्ष अलग-अलग धर्म और संप्रदाय की आस्था के मुताबिक मनाए जाते हैं।

इन नव वर्षों पर भी एक जनवरी जैसी धूम देखने को मिलती है। अलग-अलग संप्रदाय के होने के बावजूद लोग मिलकर इन नववर्षों को मनाते हैं, जो इनकी धूम को और अधिक बढ़ा देते हैं।

**भारत और नववर्ष के अनेक रंग**

नववर्ष सभी धर्म संप्रदाय के लोग भले ही अलग अलग समय में मनाते हों लेकिन उसका उत्सव पूरा देश एक साथ मिलकर मनाता है।

**हिंदू नववर्ष**

चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को ही असल हिंदू नववर्ष की शुरुआत हुई थी। इसके पीछे की मान्यता है कि देव युग में ब्रह्मा जी ने इसी दिन से सृष्टि की रचना शुरू की थी । इसीलिए इस दिन को नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस दिन से ही विक्रम संवत की भी शुरुआत हुई थी।

**ईसाई नववर्ष**- सबसे पहले रोमन शासक जुलियस सीजर ने एक जनवरी को नववर्ष के रूप में मनाया था। लेकिन बाद में पोप ग्रेगरी ने इसमें भी कुछ संशोधन करते हुए अपने धर्म गुरु, जो कि उस समय के सबसे अच्छे धर्म गुरु थे, से मंत्रणा कर लीप ईयर को जोड़ते हुए नए ग्रेगोरियन कैलेंडर को बनाया। इसमें भी एक जनवरी को ही नववर्ष मनाया गया। तब से लेकर अब तक इसी ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार पूरे विश्व में एक जनवरी को नववर्ष मनाया जाता है।

**पारसी नववर्ष**- पारसी लोग नवरोज के रूप में 19अगस्त को नववर्ष मनाते हैं। माना जाता है कि 3000 वर्ष पूर्व इसे सबसे पहले शाह जमशेदजी ने मनाया था।

**पंजाबी नववर्ष**

सिख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार वैशाखी के दिन से सिख धर्म के लोग अपना नववर्ष मनातें है।

**जैन धर्म नववर्ष**

दीपावली के अगले दिन से जैन समाज के लोग नववर्ष मनाते हैं। इसे वीर निर्वाण सम्वत भी कहा जाता है।

# कब आवे विष्णु हमारे,बगिया के नर-नारी पुकारे...

## मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय अपने गृहग्राम पहुंचे तो लोग खुशियों से झूमने लगे और अपने लाडले को सरआंखों पर उठाया

रात के लगभग पौने ग्यारह बज चुके थे। ग्राम बगिया को दुल्हन की तरह सजाया गया था। चारों तरफ उत्साह और उत्सव का माहौल। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के घर में उत्सव के गीत गाये जा रहे थे। लोग खुशी से झूम रहे थे। शुभ घड़ी के इस पल में स्वागत के लिए पूरे गांव के साथ साथ पूरा अंचल उमड़ पड़ा। सब रतजगा के लिए तैयार थे।

ग्राम कुक्सेरा से पहुंचे जयपाल साय और घनश्याम साय अपने साथियों के साथ जशपुर की हाड़ कंपाने वालीं ठंड में अपने आप को ऊर्जावान महसूस करते हुए बताते है कि विष्णु जब से विधायक बने हैं तब से उनके साथ हैं। कभी उन्होंने साथ नही छोड़ा। हमारे घर में भोजन भी किए है। उनकी सादगी, सेवा और सरलता से यहां का बच्चा बच्चा वाकिफ है। वे दोपहर से ही अपने मुखिया का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लग रहा है कि विष्णु जी आज घर आ रहे हैं। पूरे गांव में उल्लास का ऐसा वातावरण कभी नहीं देखा। जिधर देखो वहां नृत्य और उत्सव का माहौल था। गांव में सामूहिक भोज लगातार जारी है। गांव के लोगों ने बताया कि



शायद ही किसी के घर चूल्हा जला हो। गांव में करमा दल, उड़ीसा का नृत्य, भिडो नृत्य ,नाटक प्रस्तुति, धार्मिक पूजन के साथ राज्य की संस्कृति, परंपरा की झलक देखने को मिल रही थी।

मुख्यमंत्री श्री साय के रिश्तेदार राम कुमार साय ने बताया कि मुख्यमंत्री बनने से लोगो की उम्मीदें बढ़ गई है। उन्हें पूरा विश्वास है कि अंचल का विकास अब तीव्रता से होगा। अब रायगढ़ से जशपुर के लिए सड़क और रेलमार्ग की सुविधा आसान होगी। इस अंचल में पेयजल की व्यवस्था भी दुरुस्त होगी।

इसके आलावा स्वास्थ्य, शिक्षा के लिए भी मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज भी खोलने की उम्मीद बंधी है। ग्राम कोनपारा से यहां पहुंचे पदमन पटेल और रघुनंदन साय ने कहा कि यहां महाविद्यालय की दरकार है । विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए तपकरा जाना पड़ता है। इसी तरह एक सर्व सुविधायुक्त अस्पताल की भी आवश्यकता है। ग्राम राजौरी के शिव नारायण साय ने कहा कि वे मुझसे उमर में छोटे है लेकिन काम में बड़े है। उनका हर काम समाज को समर्पित है। हमारे गांव में उनकी खेती है। जब भी वे खेत जाते हैं मुझसे मिलते हैं और घर में चाय पीते हैं। उन्होंने बताया कि उनके आध्यात्मिक गुरु मेरे भी गुरु हैं। उनका आशीर्वाद उन्हें भरपूर मिला है। उनके अनुसार ये गुरु का ही आशीर्वाद है जो मुख्यमंत्री सेवा, सत्य और संकल्प के भाव के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें वे अवश्य सफल होंगे। न जाने कितनी ही उम्मीदों और विश्वास के साथ आज ग्राम बगिया अपने मुखिया का इंतजार कर रहा हैं। लेकिन मुख्यमंत्री तो सबका साथ और सबका विकास के साथ सबका विश्वास लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

**कब आओगे रघुनाथ हमारे... अयोध्या के नर नारी यही पुकारे...।**

जब प्रदेश का मुखिया जो अपने ही गांव का हो तो सचमुच ऐसे ही भाव आयेंगे जैसे अयोध्यावासियों को श्रीराम के लौटने पर आए होंगे।

गहरे भाव से भरे इन लोकगीतों का इस वक्त चुनाव स्वयं ही इन ग्रामीणों के जज्बात बयान कर देता है।

जब विष्णु अपने गृहग्राम पहुंचे और अपनी माता सहित सभी सहपाठियों, बड़े-बुजूर्गों से मिले तो लोगों को एहसास तक नहीं हुआ कि मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव का व्यवहार बदला हो। उन्हें लग रहा था कि विष्णु पहले का ही विष्णु है। वही सादगी, वही विनम्रता और व्यवहार में भी वही नम्रता । बच्चों से जब विष्णु देव मिले तो वे बच्चे बनकर ही मिले। बच्चों से भी ऐसी दोस्ती कि देखने वाला भी विष्णु की सादगी पर मर मिटे। ऐसे हैं हमारे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय। साभार जसं.।

साय कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

# डिप्टी सीएम साव को पीडब्ल्युडी विजय शर्मा को गृह, बृजमोहन को शिक्षा, ओपी को वित्त मंत्रालय

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ में मंत्रियों के विभाग तय हो गए हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव को लोक निर्माण, विधि और नगरीय प्रशासन दिया गया है, वहीं विजय शर्मा गृह मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा उन्हें तकनीकी शिक्षा और रोजगार की भी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं आईएएस की नौकरी छोड़कर विधायक और मंत्री बने ओपी चौधरी अब वित्त विभाग संभालेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभागों के बंटवारे के बाद सभी मंत्रियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सभी मंत्री अपने-अपने विभागों से अब जनता के हित के लिए कार्य करेंगे।



**विष्णुदेव साय**
मुख्यमंत्री
सामान्य प्रशासन, खनिज संसाधन, ऊर्जा, जन संपर्क, वाणिज्य कर (आबकारी), परिवहन, अन्य विभाग जो किसी मंत्री के पास न हों



**अरुण साव**
(डिप्टी सीएम)
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन



**विजय शर्मा**
(डिप्टी सीएम)
गृह, जेल, पंचायत, ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी



**बृजमोहन अग्रवाल**
स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति



**राम विचार नेताम**
आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं कृषि कल्याण



**दयालदास बघेल**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण



**केदार कश्यप**
वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता



**लखनलाल देवांगन**
वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम



**श्याम बिहारी जायसवाल**
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन



**ओपी चौधरी**
वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी



**लक्ष्मी राजवाड़े**
महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण



**टंकराम वर्मा**
खेल-कूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन

शुक्रवार देर शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी केबिनेट मंत्रियों को स्वयं फोन कर विभाग बंटवारे की जानकारी दी और सबको शुभकामनाएं दी।

# उद्योगों को बढ़ावा देने एवम श्रमिक हित में किया जाएगा कार्य- लखनलाल देवांगन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

आखिरकार प्रदेश में मंत्रियों के विभाग बटवारे को लेकर एक पखवाड़े से चल रहा इंतजार खत्म हुआ। शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रियों का विभाग सुनिश्चित कर दिया। मंत्रियों के विभाग बटवारे में कोरबा विधायक लखन लाल देवांगन को भी वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री जैसे महत्वपूर्ण विभाग मिले हैं। वाणिज्य, उद्योग एवम श्रम मंत्री बनने के बाद मंत्री लखन लाल देवांगन मीडिया से रूबरू हुवे और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते कहा की अभी मंत्री पद मिला है, रायपुर जाकर अधिकारियों से चर्चा और समीक्षा कर प्रदेश में कितने उद्योग चल रहे हैं, उसमे कितने श्रमिक है इसकी जानकारी लेंगे उसके बाद श्रमिकों के हित में काम करेंगे, छग में नए उद्योग लगे और बेरोजगारों को नौकरी मिले इस दिशा में कार्य किया जाएगा। मंत्री लखन लाल देवांगन ने आगे कहा की उद्योगों से मिलने वाले सीएसआर मद की भी जानकारी लेंगे की कितना पैसा आता है कितना खर्च होता है और यदि सीएसआर मद की राशि में भ्रष्टाचार हुआ होगा तो उस पर कार्रवाई भी करेंगे। श्रमिकों के समस्याओं को ध्यान में रखकर उनके हित में किस तरह कार्य किया जाएगा इस सवाल के जवाब में मंत्री लखन देवांगन ने कहा की श्रमिकों की जो भी समस्याएं है उनके निदान की दिशा में काम किया जाएगा। श्रमिकों को शासकीय दर के हिसाब से वेतन मिले उसमे कोई कटौती न की जाए इस और हमारा फोकस रहेगा और यदि कोई मजदूरों का शोषण करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई भी होगी। शासकीय भूमि पर काबिज लोगों को भूमि पट्टा देने का विधानसभा चुनाव में किए वादे पर कब तक अमल होगा इस सवाल पर वाणिज्य, उद्योग एवम श्रम मंत्री ने कहा की आज तो सरकार के मंत्रियों को विभाग मिला है। कैबिनेट की बैठक में चर्चा कर विधानसभा सत्र चलेगा उसमे इसको पास कराकर जल्द ही पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया जाएगा।



# छत्तीसगढ़ के सुगंधित चावल से 22 जनवरी को महकेगा अयोध्या का प्रसाद



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अयोध्या के लिए छत्तीसगढ़ का 300 मीट्रिक सुगंधित चावल किया रवाना

**रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुगंधित चावल अर्पण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री राम मंदिर परिसर से 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रकों को झंडी दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया। सुगंधित चावल अर्पण समारोह में राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से जन्मभूमि अयोध्या के लिए सुगंधित चावल भेजा गया है।

श्रीराम मंदिर में मुख्यमंत्री साय ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ भगवान श्रीराम, माता जानकी और भगवान लक्ष्मण की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री दयाल दास बघेल, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहे।



### पाली में भाजपा का क्षेत्रीय कार्यालय उद्घाटित, रामदयाल उइके ने कहा-

# 30 हजार राष्ट्रीय स्वयं सेवक करेंगे तैयार

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

नगर पंचायत पाली अंतर्गत नया बस स्टैंड अटल व्यावसायिक परिसर में भारतीय जनता पार्टी पालीतानाखार विधानसभा छेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक रामदयाल उइके व देवेंद्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। श्री उइके ने अपने भाजपा के पुरानें कार्यकर्ताओं व समर्थकों को उपस्थित देखकर सबको गले लगाया और सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा चुनाव में भूलचूक हुई इसके लिए आप सभी से मै क्षमा चाहता हूं और आगामी लोकसभा चुनाव में हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे और पाली तानाखार से भी भाजपा को लीड दिलाएंगे। आज ऐसा नजारा देखने को मिला जिसे देखकर किसी की आंखों को विश्वास नहीं हो रहा है। पूर्व विधायक रामदयाल उईके ने भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया जो अपने आप में आश्चर्य चकित करने वाली बात है। हम एक होकर पाली-तानाखार को विकास की बुलंदियों पर ले जाएंगे और एकता के साथ लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बन गई है और मैं क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जो काम रूक गए थे, उसे आगे बढ़ाया जाएगा, यह मोदी की गारंटी है और क्षेत्र में मोदी की गारंटी से समृद्धि और खुशहाली दोनों आएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए यह क्षेत्रीय कार्यालय खोला जा रहा है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं हमेशा जनता के लिए, जनता के बीच रहुंगा और उनकी समस्याओं तथा मांगों के लिए प्रयास करूंगा। आप कार्यालय पहुंचकर बेझिझक समस्या और सुझाव दर्ज करा सकते हैं। विधानसभा चुनाव में आंतरिक गुटबाजी भाजपा के लिए पतन का कारण बना इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है.इससे हमें बहुत कुछ सीख मिली है । प्रशासन के अधिकारियों को दो टूक कह दिया है कि भाजपा की सरकार आ गई है,अब पाई-पाई की जांच होगी। ग्राम पंचायतों के खातों में डाका डालने वाले जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग सरकार से की जायेगी और आने वाले समय में अनुसांगिक संगठक कार्यकर्ता निर्माण करेगें। देवेन्द्र पांडेय ने कहा कि पिछली बात भूलकर हम सभी कार्यकर्ता एक हो और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।






**महिलाओं के साथ सुआ नाचने में लग गए रामदयाल** | कार्यालय उद्घाटन के समय महिलाओं की टोली सुआनाच के लिए पहुंची तब रामदयाल उइके से रहा नहीं गया और महिलाओं के बीच में होकर सुआ नाचने लगे, यह दृश्य रोमांचित था।

श्री उइके ने बताया कि गांव गांव में आर एस एस की शाखाएं लगाने की तैयारी होगी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, वन बंधु परिषद, एकल विद्यालय, संस्कार भारती, मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दुर्गा वाहनी, आदि संघगठनों के 30 हजार कार्यकर्ता निर्माण किया जावेगा।

इस अवसर पर कौशल सिंह राज, शिव सिंह चौहान, नंदलाल नवलानी, ज्ञान सिंह राजपाल, भैयालाल जायसवाल, प्रयाग नारायण शांडिल्य, रूपविलास गोस्वामी,रामविलास, अशोक श्रीवास्तव, गणेश टंडिया, मुकेश श्रीवास्तव, मंगल छाबड़ा, शिव ताम्रकार, जयपाल, संतोष यादव, सुभाष जगत, अगरदास, विपिन कौशिक, गुहाराम, सीताराम, संजू जायसवाल, लाला श्रीवास्तव, चित्रभवन श्याम, गुलशन जगत, सन्नी, बसंत गुप्ता, सुधराम अगरिया, गंभीर श्याम, किताब पैकरा, बलदेव सिंह, लल्लू पटेल, मनोज श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास, राजू श्रीवास, रविंद्र महंत, तिरीथ निषाद, सावित्री श्रीवास, समेत समस्त भाजपा व युवा मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहें



# वार्षिकोत्सव से बच्चों की प्रतिभा निखरती है-फूल सिंह राठिया

## नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कोरबा/मड़वारानी ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले की सर्वोत्कृष्ट सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा मड़वारानी में धूमधाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर घंटों तक दर्शकों को बांधे रखा।

बतौर मुख्य अतिथि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक फूलसिंह राठिया, गेस्ट ऑफ ऑनर एवं प्रमुख वक्ता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल, कार्यक्रम के अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय लायन विजय अग्रवाल, रिजन चेयरमेन लायन पवन अग्रवाल, लायंस क्लब गुरूकुल के अध्यक्ष लायन मनोज सहित अतिथियों ने सबसे पहले मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा अर्चना की और उसके बाद बच्चों ने गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। मंचीय कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल सहित स्टाफ ने अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। तत्पश्चात बच्चों ने सामूहिक एवं एकल मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर सबका मनोरंजन किया।





## बच्चों ! अपने लक्ष्य को इतना महान बना लो कि फालतू कामों के लिए समय ही न बचे-लायन शैलेश अग्रवाल

मुख्य अतिथि विधायक फूल सिंह राठिया ने कहा कि पूरी दुनिया में विद्यालय परिसर सबसे पूण्य भूमि होती है, जहां पर बच्चों को गढ़कर शिक्षित बनाने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाए जाते हैं, यूं कहें तो विद्यालय ही हाड़ मांस के लोथड़े को गढ़कर इंसान बनाता है। शिक्षा से ही बच्चों का बेहतर कैरियर गढ़ा जा सकता है। मुझे खुशी है कि लायन राजकुमार अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्र में एक बेहतर विद्यालय स्थापना कर गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए माहौल तैयार किया है और बंजर भूमि को एक पूण्य भूमि बना दिया। जिले में ऐसे ही समाज सेवक रहें तो जिले का कायाकल्प हो सकता है। अब इस विद्यालय से गरीब बच्चे भी आईएएस, आईपीएस, इंजीनियर, डॉक्टर बनकर देश की सेवा करेंगे और ग्रामीण प्रतिभा भी सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और शिक्षा के साथ-साथ शैक्षणिकेत्तर प्रतिभाएं भी सामने आती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष लायन राजकुमार अग्रवाल ने विद्यालय की स्थापना और उत्तरोत्तर प्रगति का प्रस्तावना बताया और कहा कि गरीब ग्रामीण एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को आगे ले जाने का सपना इस विद्यालय के माध्यम से साकार हुआ है और हम बच्चों को कम फीस में बेहतर शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं और उच्च शिक्षा के लिए हम बच्चों को प्रोत्साहित और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और कहा कि बच्चों शिक्षा को हथियार बना लो और कुछ साल तक डटकर पढ़ाई करो, खेलो, दोस्ती करो और मोबाईल का इस्तेमाल कम करो। किशोरावस्था में आप जितनी मेहनत करोगे, नींद को त्याग कर सपनों को पूरा करने का जज्बा दिखाओगे तो आपकी जवानी और बुढ़ापा दोनों बेहतर होंगे, इसलिए अभी सिर्फ पढ़ाई करो और अपने लक्ष्य को इतना बड़ा बना लो कि फालतू कामों के लिए समय ही न बचे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। खासकर नवनिर्वाचित रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया का अद्भूत स्वागत किया गया। प्राचार्य दीपक जायसवाल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार जताया।









स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com